# हिंदी

## कार्यपत्रक

### (सीखने के प्रतिफल पर आधारित)

कक्षा- 5

स्वाध्यायान्मा प्रमदः

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् नई दिल्ली
वरुण मार्ग, डिफेंस कॉलोनी, नई दिल्ली-110024

# PREFACE

The National Policy on Education 2020 suggests for an increased focus on foundational literacy and numeracy with special focus on reading, writing, speaking, counting, arithmetic, and mathematical thinking throughout the preparatory and middle school education. It also suggests for a robust system of continuous, formative/adaptive assessment to track individualized learning and academic progress.

The academic loss due to Covid -19 pandemic has created a huge learning deficit and students are lagging behind in terms of learning outcomes. Learning Outcomes serve as benchmark for students' achievement in each class and subject. The Learning Outcomes for each class in Languages (Hindi, English and Urdu), Mathematics, Environmental Studies, Science and Social Science up to the elementary stage (Class 1 to 8) have been developed by NCERT and adapted by SCERT Delhi.

To bridge the learning gaps caused by the pandemic and to improve learning levels of students, SCERT Delhi has developed worksheets based on learning outcomes for class 3, 5 and 8. The worksheets for classes 3 and 5 have been developed for subjects: Mathematics, Environmental Studies and Languages (Hindi & English) and for class 8 Science, Mathematics, Social Science and Languages (Hindi & English). Each subject has 10 worksheets with 15 MCQs for each worksheet.

These worksheets are provided for practice purpose to improve the competencies of students. These are exemplar and teachers can frame similar worksheets/questions for practice. Guidelines for teachers are also there in each subject booklet to help teachers get better understanding of objectives and content of the worksheets.

It gives me immense pleasure to hand over these worksheets to teachers, our nation builders who are striving and working hard to impart quality education to students. We all as stakeholders need to work collectively to facilitate our students to attain higher order competencies including critical thinking, creativity, problem solving skills so that they are able to meet contemporary needs and can become responsible citizens who can further contribute for national development and be ready to tackle global challenges.

**Dr. Nahar Singh**

Joint Director, SCERT

**मुख्य सलाहकार**
श्री रजनीश कुमार सिंह, निदेशक,
राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, नई दिल्ली

**मुख्य शैक्षणिक सलाहकार**
डॉ. नाहर सिंह, संयुक्त निदेशक,
राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, नई दिल्ली

**परियोजना समन्वयक**
श्रीमती रमन, असिस्टेंट प्रोफेसर
राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, नई दिल्ली

**नोडल अधिकारी**
डॉ. प्रवीण कुलश्रेष्ठ, असिस्टेंट प्रोफेसर
मंडलीय शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, दक्षिण–पश्चिम, घुम्मनहेड़ा, नई दिल्ली

**समन्वयक**
डॉ. नरेश कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर, मंडलीय शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, घुम्मनहेड़ा, नई दिल्ली

**निर्माण समिति**
डॉ. प्रवीण कुलश्रेष्ठ, असिस्टेंट प्रोफेसर, मंडलीय शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, घुम्मनहेड़ा, नई दिल्ली
डॉ. नरेश कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर, मंडलीय शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, घुम्मनहेड़ा, नई दिल्ली
श्री रजनीकांत शुक्ल, सेवानिवृत्त प्रशिक्षित स्नातकोत्तर शिक्षक, शिक्षा निदेशालय दिल्ली
श्रीमती कुलविंदर कौर, प्रशिक्षित स्नातक शिक्षिका, राजकीय सर्वोदय कन्या विद्यालय, विजय एन्क्लेव
श्रीमती अंजलि, सहायक अध्यापिका, सर्वोदय विद्यालय, रोहिणी, सेक्टर–6
श्रीमती सविता चहल, सहायक अध्यापिका, दक्षिणी दिल्ली न. नि. प्राथमिक विद्यालय, कापसहेड़ा न. 1
श्रीमती नीरज, सहायक अध्यापिका, राजकीय सर्वोदय कन्या विद्यालय, यू ब्लॉक, मंगोलपुरी

**पुनरीक्षण समिति**
डॉ. नीलकंठ, असिस्टेंट प्रोफेसर, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, नई दिल्ली
डॉ. राकेश सिंह, सेवानिवृत्त प्राचार्य, शिक्षा निदेशालय दिल्ली

**प्रकाशन अधिकारी**
डॉ. मुकेश यादव

**प्रकाशन समूह**
श्री नवीन कुमार
श्रीमती राधा

---

**मुद्रकः** ऐजुकेशनल स्टोर्स, एस–5 बुलंदशहर रोड इंडस्ट्रियल एरिया साईट–1 गाजियाबाद (उ.प्र.) द्वारा मुद्रित।

## सीखने के प्रतिफलों पर आधारित हिन्दी के कार्यपत्रक (कक्षा–5)

**शिक्षकों के लिए दिशानिर्देश–**

1. राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा बनाए गए वर्तमान कार्यपत्रकों का उपयोग केवल अभ्यास के उद्देश्य से किया जाना चाहिए।
2. शिक्षक सभी विद्यार्थियों को निर्देशित करें कि दिए गए निर्देश/गद्यांश/काव्यांश/विज्ञापन अथवा पोस्टर आदि का ध्यानपूर्वक मौन वाचन करें। (शिक्षक स्वयं वाचन न करें)।
3. सीखने के प्रतिफलों पर आधारित पंद्रह (15) बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQs) के दस (10) कार्यपत्रक हैं।
4. प्रत्येक प्रश्न में चार विकल्प हैं, उनमें से एक सही उत्तर है। छात्र निर्देशानुसार सही उत्तर पर गोल घेरे (◯) का निशान लगाएँ।

   **उदाहरण के लिए:**

   **एक स्वस्थ व्यक्ति के शरीर का तापमान निम्नलिखित में से कौन सा है?**

   क) 99.0°F

   (ख)) 98.6°F

   ग) 98.0°F

   घ) 98.2°F
5. उत्तर कार्यपत्रक के अंत मे दिए गए हैं।
6. शिक्षक के रूप में आप उत्तर के पीछे के तर्क की व्याख्या कर सकते हैं।
7. विद्यार्थियों द्वारा कार्यपत्रक को पूरा करने हेतु शिक्षक जल्दबाजी न करें।
8. शिक्षक यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक विद्यार्थी कार्यपत्रक को पूरा करे।
9. शिक्षक प्रश्न का सही उत्तर खोजने में विद्यार्थियों की कोई सहायता न करें।
10. शिक्षकों से अपेक्षित है कि वे विद्यार्थियों के अभ्यास के लिए ऐसे और कार्यपत्रक तैयार करें ताकि उनमें विषय की समझ और आत्मविश्वास बढ़ सके।
11. शिक्षक सभी विद्यार्थियों की प्रगति का रिकॉर्ड रखें और उनके सीखने के प्रतिफलों में सुधार लाने का प्रयास करें।

कार्यपत्रक–1

# हिंदी

**कक्षा-5**

अपने सिर सह गर्मी वर्षा, छाँव सभी को देते पेड़,
धरती का आभूषण–गहना, मित्र हमारे होते पेड़।
गर्मी में तपते राही को, छाँव सहारा देते पेड़,
आँधी, तूफ़ानी संकट में, कभी नहीं घबराते पेड़।
पक्षी इन पर नीड़ बनाते, उनका घर बन जाते पेड़,
आजीवन उपकारी रहते, काम सभी के आते पेड़।
बाँह पसारे, हमें पुकारे, जीवन दाता होते पेड़,
अपने सिर सह गर्मी वर्षा, छाँव सभी को देते पेड़।

उपरोक्त कविता को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प पर घेरा लगाइए–

1. **पेड़ हमारे ______________ होते हैं।**

   क) आभूषण   ख) रिश्तेदार   ग) मित्र   घ) शत्रु

2. **अगर कोई पेड़ को नुकसान पहुँचाए तो हम उसे क्या समझाएँगे?**

   क) पेड़ों से होने वाले फ़ायदे   ख) पेड़ उगाने का तरीका
   ग) पेड़ के विभिन्न भाग   घ) पेड़ की परेशानी के बारे में

3. **पेड़ों को जीवन दाता क्यों कहा है ?**

   क) पेड़ हमें छाँव देते हैं।   ख) पक्षी पेड़ पर घर बनाते हैं।
   ग) पेड़ हमें ऑक्सीजन देते हैं।   घ) पेड़ उपकारी होते हैं।

4. **"पक्षी इन पर नीड़ बनाते" पंक्ति में आए 'नीड़' शब्द का समान अर्थ देने वाला शब्द है–**

   क) घोंसला   ख) घर   ग) गाना   घ) खाना

5. **हम पेड़ों का संरक्षण कैसे कर सकते हैं ?**

   क) इनकी देखभाल करके   ख) इन्हें काटकर
   ग) इनकी सहायता करके   घ) इन्हें मित्र बनाकर

लोकगीत सीधे जनता के संगीत हैं। घर, गाँव और नगर की जनता के गीत है ये। इनके लिए साधना की ज़रुरत नहीं होती। त्योहारों और विशेष अवसरों पर ये गीत गाए जाते हैं। इनको रचने वाले भी अधिकतर गाँव के लोग ही हैं। स्त्रियों ने भी इनकी रचना में विशेष भाग लिया है। ये गीत बाजों की मदद के बिना ही ढोलक, झांज, करताल, बाँसुरी आदि की मदद से गाए जाते हैं। एक समय था जब शास्त्रीय संगीत के सामने इनको हेय समझा जाता था। अभी हाल तक इनकी बड़ी उपेक्षा की जाती थी। पर इधर साधारण जनता की ओर जो लोगों की नज़र फिरी है तो साहित्य और कला के क्षेत्र में भी परिवर्तन हुआ है।

उपरोक्त गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प पर घेरा लगाइए–

6. **लोकगीत किसके गीत हैं?**

   क) राजा के  ख) जनता के  ग) बच्चों के  घ) फिल्मों के

7. **'लोकगीत' शब्द से तात्पर्य है।**

   क) लोक के गीत  ख) लोगों पर गीत
   
   ग) लोगों से गीत  घ) लोगों तक गीत

8. **'उपेक्षा' शब्द के लिए समान अर्थ देने वाला शब्द है।**

   क) साधना  ख) निरादर  ग) विशेष  घ) हेय

9. **लोकगीत की तुलना में शास्त्रीय संगीत के लिए ______________ की ज़रूरत होती है।**

   क) बाजों  ख) गीतकार  ग) शब्दों  घ) साधना

10. **गीत गाने और सुनने से क्या लाभ होता हैं?**

    क) हम स्वस्थ बनते हैं  ख) मन दुखी होता है
    
    ग) मन प्रसन्न होता है  घ) हम समझदार बनते हैं




ऊपर दिए गए पोस्टर को पढ़कर एवं देखकर नीचे दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प पर घेरा लगाइए–

**11. उपर्युक्त पोस्टर हमें किस बीमारी के विषय में जानकारी देता है?**

क) पोलियो    ख) डेंगू

ग) चिकनगुनिया    घ) नोवल कोरोना वायरस

**12. हमें हाथों को कैसे साफ़ करना चाहिए ?**

क) साफ़ पानी से    ख) हैंडवाश या साबुन से

ग) क्रीम से    घ) टिशु से

**13. हमें अपने आँख, नाक, मुँह को छूने से क्यों बचना चाहिए?**

क) हमें चोट लग सकती है    ख) हमारे हाथ गंदे हो सकते हैं

ग) हमारे हाथों पर कीटाणु होते हैं    घ) हमारा चेहरा खराब हो सकता है

**14. हमें भीड़–भाड़ वाली जगह पर जाने से क्यों बचना चाहिए?**

क) हमें चोट लग सकती है    ख) बीमारी फैलने का खतरा है

ग) हम गुम हो सकते हैं    घ) हम परेशान हो सकते हैं

**15. इस नारे को पूरा कीजिए– 'दो गज़ दूरी ______________' ।**

क) दवाई है ज़रूरी    ख) मास्क है ज़रूरी

ग) घूमना है ज़रूरी    घ) पानी है ज़रूरी

कार्यपत्रक–2

# हिंदी

**कक्षा–5**

सर्दी गई और वसंत का आगाज़। यह ऋतु अधिकतर फ़रवरी और मार्च में आती है एवं अत्यंत सुहावनी होती है। इस ऋतु में सर्दी और गर्मी की अधिकता नहीं होती इसलिए वसंत को ऋतुराज कहा जाता है। वसंत ऋतु के आगमन से ही फूल भी अंगड़ाई लेने लगते हैं। इस मौसम में गुलाब, गेंदा, सूरजमुखी ,सरसों आदि के फूल खिलते हैं। किसानों की मेहनत का फल खेतों में लहराता है, उनके खलिहान भरे हुए होते हैं। इस ऋतु में जीवन में एक स्फूर्ति और खुशी का संचार होता है। इसी खुशी का प्रतीक है– वसंत पंचमी और होली का त्यौहार। वसंत ऋतु का सीधा संबंध प्रकृति से है। हमें प्रकृति की देखभाल करनी चाहिए। पेड़ों की कम कटाई हो, ज़्यादा से ज़्यादा पेड़ लगाएँ, नदियों में स्वच्छ जल बहे, पर्यावरण स्वच्छ रहे, सब खुशहाल रहें।

उपरोक्त गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प पर घेरा लगाएं।

1. **'ऋतुराज' का अर्थ है–**

   क) ऋतुओं का समय    ख) ऋतुओं का राजा

   ग) ऋतुओं का खज़ाना    घ) ऋतुओं का बस्ता

2. **वसंत ऋतु के महीने हैं–**

   क) जनवरी, फ़रवरी    ख) फ़रवरी, मार्च

   ग) मार्च, जनवरी    घ) जनवरी, मार्च

3. **हम प्रकृति की देखभाल कैसे कर सकते हैं?**

   क) कूड़े–कचरे से दूर रहकर    ख) त्यौहार मनाकर

   ग) मेहनत करके    घ) पेड़–पौधे लगाकर

4. **"किसानों की मेहनत का फल" वाक्य में 'फल' का अर्थ है–**

   क) खेतों में फसल    ख) पौधों का फल

   ग) परीक्षा का फल    घ) फल–फूल

**5. गद्यांश के आधार पर 'आगाज़' शब्द का अर्थ है–**

क) आगमन    ख) आना    ग) शुरुआत    घ) अंत

ये वतन हमारा, सारे जग से न्यारा,
जान से है प्यारा, ये वतन हमारा।
ऊँचे इसके पर्वत, बहते इसके झरने,
झील में शिकारा, लूटे दिल हमारा।
रंग, बोली, भाषा, खेल या तमाशा,
है अलग, सभी मगर देश एक सारा।
हरी–भरी धरती, सबका मन हरती,
सींचती है इसको, गंगा–जमुनी धारा।
आँच इस पर न आए, शान इसकी न जाए,
ये वतन हमारा, ये वतन हमारा,
सारे जग से प्यारा, सारे जग से न्यारा।

उपरोक्त कविता को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प पर घेरा लगाइए–

**6. कविता में 'पर्वत' की विशेषता बताने वाला शब्द है–**

क) हरा–भरा    ख) गहरा    ग) ऊँचा    घ) चौड़ा

**7. "झील में शिकारा" किस जगह से संबंधित है?**

क) हिमाचल    ख) उदयपुर    ग) उत्तराखंड    घ) कश्मीर

**8. कविता में कवि किससे प्यार करता है?**

क) पहाड़ों से    ख) झरनों से    ग) देश से    घ) धरती से

**9. रंग, बोली, भाषा सब अलग होने पर भी देश एक है, यह क्या दर्शाता है?**


क) अनेकता में एकता    ख) एकता में बल


ग) एकता में अनेकता    घ) राष्ट्रीय एकता

**10. 'हरी–भरी' से कवि का मतलब है, धरती पर ....................**

क) हरा रंग बिछा है    ख) बहुत पेड़–पौधे हैं

ग) हरी–हरी घास है    घ) हरी चादर बिछी है




उपर्युक्त ग्राफ़ को देखकर नीचे दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प पर घेरा लगाइए—

**11. ग्राफ़ में किस आधार पर तुलना की जा रही है?**

क) तापमान के आधार पर    ख) वर्षा के आधार पर

ग) महीनों के आधार पर    घ) जनसंख्या के आधार पर

**12. ग्राफ़ देखकर बताएँ कौन—सा शहर दूसरे शहरों की तुलना में एक ठंडा प्रदेश है।**

क) बैंगलोर    ख) दिल्ली    ग) जैसलमेर    घ) शिमला

**13. शिमला, दिल्ली, जैसलमेर, बैंगलोर उदाहरण हैं।**

क) भाववाचक संज्ञा    ख) व्यक्तिवाचक संज्ञा

ग) जातिवाचक संज्ञा    घ) समूहवाचक संज्ञा

**14. कौन—सा शहर शब्दकोश के हिसाब से पहले क्रम पर होगा—**

क) दिल्ली    ख) जैसलमेर    ग) बैंगलोर    घ) शिमला

**15. दोनों दिन कौन से शहर के तापमान में सबसे कम अंतर है ?**

क) बैंगलोर    ख) दिल्ली    ग) शिमला    घ) जैसलमेर

कार्यपत्रक–3

# हिंदी

**कक्षा–5**

दिल्ली की है शान मेट्रो, हम सब का अभिमान मेट्रो,
समय कीमती होता है, करवाती यह ज्ञान मेट्रो।
तेल न कोयला धुआँ न धूल, कूड़ा–करकट जाएँ भूल,
देखते–देखते बनी अभी है, यातायात की जान है मेट्रो।
बैठ गया है जो एक बार, वो बैठना चाहे बार–बार,
टैक्सी, ऑटो और बस से, करे सफ़र आसान मेट्रो।
दिल्ली की है नई विरासत, करता कोई नहीं शरारत,
अगली पीढ़ी याद करेगी, ऐसी है वरदान मेट्रो।

उपरोक्त कविता को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प पर घेरा लगाइए–

1. **समय को कीमती क्यों कहा गया है ?**

   क) समय के लिए पैसे देने पड़ते हैं　　ख) समय बहुत थोडा होता है

   ग) बीता समय लौटता नहीं　　घ) समय बलवान होता है

2. **मेट्रो के लिए किस ईंधन का प्रयोग होता है?**

   क) पेट्रोल　　ख) डीज़ल　　ग) बिजली　　घ) कोयला

3. **मेट्रो के प्रयोग से समय की बचत कैसे होती है?**

   क) मेट्रो तेज़ चलती है　　ख) मेट्रो बिजली से चलती है

   ग) मेट्रो नया साधन है　　घ) मेट्रो साफ़ है

4. **मेट्रो का सफ़र कार एवं बस की तुलना में आसान क्यों है ?**

   क) मेट्रो समय पर चलती है

   ख) मेट्रो के सफ़र में ट्रैफ़िक की भीड़–भाड़ नहीं होती

   ग) मेट्रो यातायात का नया साधन है

   घ) मेट्रो पेट्रोल, डीज़ल का प्रयोग नहीं करती

**5. "विज्ञान वरदान है" इस वाक्य में प्रयुक्त वरदान शब्द का विपरीत अर्थ बताने वाला शब्द है–**

क) तोहफ़ा ख) पुरस्कार ग) अभिशाप घ) आशीर्वाद

वर्तमान समय में हाथ धोना स्वस्थ रहने के लिए सबसे ज़रूरी है। रोगों के फैलाव को रोकने में यदि कोई चीज़ सबसे कारगर पाई गई है तो वो है– हाथों की सफ़ाई। ख़ासतौर पर शौच के बाद और खाने से पहले। हमारा शरीर सूक्ष्मजीवों का अड्डा है। कहते हैं कोई 300 प्रकार के सूक्ष्मजीव हमारे साथ रहते हैं। इनमें से कुछ हमारी चमड़ी पर रहते हैं, जिनमें से कुछ हानिकारक होते हैं। ये त्वचा पर ही रहें तो कम नुकसान पहुचाएँ मगर हम इन्हें वहाँ रहने दें तब न। जब हम बिना हाथ धोए खाना खाएंगे तो इन्हें हमारे शरीर के अन्दर जाने का मौका मिल जाएगा। इसके अलावा किसी बीमार व्यक्ति की देखभाल वगैरह के दौरान भी हमारा सम्पर्क उनसे होता है। इसलिए शरीर में जाने से रोकने का सबसे अच्छा तरीका है हाथों की सफ़ाई। साधारण व्यक्ति के लिए हाथ धोने के लिए साबुन और पानी पर्याप्त है।

उपरोक्त गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प पर घेरा लगाइए–

**6. वर्तमान समय में स्वस्थ रहने के लिए सबसे ज़रूरी क्या है?**

क) दवाई खाना ख) घूमने जाना ग) हाथ धोना घ) फल खाना

**7. सबसे ज़्यादा कीटाणु हमारे हाथों पर कब होते हैं?**

क) खाना खाने के बाद ख) शौच से पहले

ग) शौच के बाद घ) नहाने के बाद

**8. सूक्ष्मजीव हमें नुकसान कब पहुँचाते हैं?**

क) जब ये चमड़ी पर होते हैं ख) जब ये शरीर के अंदर चले जाते हैं

ग) जब ये हाथों पर होते हैं घ) जब ये खाने में होते है

**9. आजकल कौन–सी बीमारी के फैलाव की रोकथाम के लिए हाथों की सफ़ाई पर जोर दिया जा रहा है ?**

क) डेंगू ख) टाइफ़ाइड

ग) नोवल कोरोनावायरस घ) पोलियो

**10. कुछ सूक्ष्मजीव हानिकारक क्यों हैं?**

क) ये हमारी चमड़ी पर रहते हैं ख) ये हमारे खाने को दूषित करते हैं

ग) ये हमें बीमार करते हैं घ) ये हमें साफ़ नहीं रहने देते

यह रमा की कक्षा की समय सारणी (टाइम–टेबल) है, इसे ध्यानपूर्वक पढ़ें–

| दिन / कालांश | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सोमवार | गणित | सामाजिक अध्ययन | विज्ञान | अंग्रेज़ी | चित्रकला | हिंदी | खेल |
| मंगलवार | हिंदी | गणित | विज्ञान | कार्यअनुभव | अंग्रेजी | सामाजिक अध्ययन | खेल |
| बुधवार | गणित | अंग्रेजी | हिंदी | खेल | विज्ञान | सामाजिक अध्ययन | पुस्तकालय |
| वीरवार | हिंदी | अंग्रेजी | सामाजिक अध्ययन | चित्रकला | गणित | विज्ञान | खेल |
| शुक्रवार | अंग्रेजी | हिंदी | हिंदी | विज्ञान | चित्रकला | गणित | कार्यअनुभव |

उपरोक्त समय सारणी (टाइम–टेबल ) के आधार पर नीचे दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प पर घेरा लगाइए–

**11. किस दिन रोहिणी लगातार दो घंटे हिंदी भाषा पढ़ती है?**

क) मंगलवार  ख) सोमवार  ग) बुधवार  घ) शुक्रवार

**12. रमा का विद्यालय सप्ताह में कितने दिन बंद रहता है ?**

क) छह  ख) दो  ग) पाँच  घ) सात

**13. प्रतिदिन पढ़ाई के अलावा कितने कालांश दूसरी गतिविधियों के लिए हैं?**

क) तीन  ख) एक  ग) दो  घ) चार

**14. वीरवार को सातवाँ कालांश किससे संबंधित है ?**

क) गणित  ख) हस्त–कला  ग) खेल  घ) विज्ञान

**15. समय सारणी (टाइम–टेबल) क्यों ज़रूरी है ?**

क) यह काम को मज़ेदार बनाती है  ख) यह काम को व्यवस्थित करती है

ग) यह खेल के अवसर देती है  घ) यह कक्षा में लगी होती है

कार्यपत्रक–4

# हिंदी

**कक्षा–5**

विश्व में ऊर्जा सीमित मात्रा में है। हमारे यहाँ इसका संकट और भी अधिक है। हमारी ज़रूरतों के लिए जितनी बिजली चाहिए उतनी यहाँ पैदा नहीं हो पाती। हालाँकि देश में अनेक बिजली घर हैं पर बिजली उत्पादन की कमी है। बिजली संकट का एक कारण तो यही है। इसके और भी कई कारण हैं, जैसे – बॉयलरों और टरबाइनों का गड़बड़ा जाना। हमारे यहाँ जितनी बिजली पैदा होती है उसके अनुपात से कहीं अधिक बिजली ट्रांसमिशन में गड़बड़ी में नष्ट हो जाती है। यानि बिजली घर से हमारे घरों तक पहुँचने में नष्ट हो जाती है। बिजली तैयार करने के प्रमुख स्रोतों में ताप, पानी और वायु हैं। बड़ी संख्या में बिजली घर होने के बावजूद वो हमारी ज़रूरतों को पूरा नहीं कर पाते। अतः बिजली किस तरह ज़्यादा से ज़्यादा पैदा की जाए इस पर गहराई से विचार करना ज़रूरी हो गया है। ज़्यादा बिजली पैदा करने के साथ–साथ हमें यह भी सोचना चाहिए कि हम बिजली की बचत किस प्रकार कर सकते हैं, जैसे ज़रुरत ना होने पर पंखे और लाइटों को बंद करके हम बिजली बचा सकते हैं।

उपरोक्त गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प पर घेरा लगाइए–

1. **बिजली तैयार करने के प्रमुख स्रोतों में ताप, पानी और ______________ हैं।**

   क) पंखे  ख) लाइट  ग) वायु  घ) टरबाइन

2. **बिजली ट्रांसमिशन का क्या अर्थ है?**

   क) बिजली की बहुत कमी होना

   ख) बिजली को एक जगह से दूसरी जगह भेजना

   ग) बिजली को ज़्यादा से ज़्यादा बनाना

   घ) बिजली की बचत करना

3. **दिया गया अनुच्छेद किसके बारे में है?**

   क) ऊर्जा  ख) बॉयलर  ग) बिजलीघर  घ) ट्रांसमिशन

4. **बिजली की ज़रूरतें पूरी करने के लिए ______________ बढ़ाना/बढ़ानी चाहिए।**

   क) बॉयलरों की संख्या  ख) टरबाइनों की संख्या

   ग) बिजली का उत्पादन  घ) बिजली का इस्तेमाल

5. **ज़रुरत ना होने पर पंखे और लाइटों को बंद कर देना चाहिए क्योंकि इससे_____________**

क) ट्रांसमिशन में गड़बड़ी नहीं होगी। ख) बिजली का उत्पादन बढ़ेगा।

ग) बॉयलर ठीक काम करेगा। घ) बिजली की बचत होगी।

मैं बर्फ़ीले देश का वासी, पेंगुइन मेरा नाम,
दो पैरों पर चल सकता हूँ, सुबह हो या शाम।
पंख हैं लेकिन उड़ ना पाऊँ, तैरूँ मैं भरपूर,
अगर कभी मिलना मुझसे तो, करना प्यार ज़रूर।
हैं शरीर पर बाल मेरे, काले और सफेद,
चोंच नुकीली लंबी मेरी, करे बर्फ़ में छेद।
जब भी दौड़ लगाता, आती चेहरों पर मुस्कान,
आना मेरे देश घूमने, देता हूँ पैगाम।

उपरोक्त कविता को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प पर घेरा लगाइए–

6. **पेंगुइन अक्सर कैसे प्रदेश में रहते हैं?**

क) रेतीले ख) पथरीले

ग) बर्फीले घ) घास के मैदान में

7. **पेंगुइन आसानी से मछली पकड़ सकते हैं क्यों कि उनकी चोंच ___________ होती है।**

क) मोटी और छोटी ख) छोटी और नुकीली

ग) नुकीली और लंबी घ) पतली और छोटी

8. **पेंगुइन ___________ की मदद से बर्फ़ में छेद कर सकते हैं**

क) अपने पंखों ख) अपने पैरों ग) अपनी चोंच घ) अपने बालों

9. **पेंगुइन एक पक्षी है क्योंकि–**

क) यह उड़ सकता है। ख) इसके पंख हैं।

ग) यह तैर सकता है। घ) इसके शरीर पर बाल होते हैं।

10. **पेंगुइन अपने देश में आने का पैगाम किसको दे रहा है?**

क) कवि को ख) पाठक को ग) पक्षियों को घ) पशुओं को

| क्रमसंख्या | दिवस का नाम | तिथि | महीना |
|---|---|---|---|
| 1 | गणतंत्र दिवस | 26 | जनवरी |
| 2 | राष्ट्रीय महिला दिवस | 8 | मार्च |
| 3 | स्वतंत्रता दिवस | 15 | अगस्त |
| 4 | खेल दिवस | 29 | अगस्त |
| 5 | शिक्षक दिवस | 5 | सितंबर |
| 6 | हिंदी दिवस | 14 | सितंबर |
| 7 | गांधी जयंती | 2 | अक्टूबर |
| 8 | बाल दिवस | 14 | नवंबर |
| 9 | राष्ट्रीय गणित दिवस | 22 | दिसंबर |

उपरोक्त तालिका के आधार पर नीचे दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प पर घेरा लगाइए—

**11. हिंदी दिवस कब मनाया जाता है?**

क) 15 अगस्त   ख) 5 सितंबर   ग) 14 सितंबर   घ) 14 नवंबर

**12. किसी व्यक्ति की जयंती उसके ____________ पर मनाई जाती है।**

क) जन्मदिन   ख) मरणदिन   ग) जीतने   घ) शादी करने

**13. इन महीनों के नामों को शब्दकोश के अनुसार क्रम में लगाते हैं तो अंत में किस महीने का नाम आएगा?**

क) जनवरी   ख) मार्च   ग) अक्टूबर   घ) दिसंबर

**14 गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस और गांधी जयंती हमारे _______________ हैं।**

क) धार्मिक त्योहार   ख) फसलों के त्योहार

ग) राष्ट्रीय त्योहार   घ) मौसमी त्योहार

**15. हम त्योहार क्यों मनाते हैं?**

क) इन्हें याद रखने के लिए   ख) साफ़—सफ़ाई के लिए

ग) फोटो खींचने के लिए   घ) जीवन में खुशियाँ लाने के लिए

कार्यपत्रक–5

# हिंदी

**कक्षा–5**

गिलहरी पेड़ों पर पाया जाने वाला एक छोटा–सा जानवर होता है। इसके शरीर पर धारियाँ होती हैं। गिलहरियों के पैरों के पंजे नुकीले होते हैं इसीलिए ये पेड़ों पर आसानी से चढ़ जाती हैं। भारत में अलग–अलग तरह की गिलहरियाँ पाई जाती हैं। हथेली में समा जाने वाली छोटी गिलहरियाँ भी हैं और बहुत सी विशाल गिलहरियाँ भी हैं। भारतीय विशाल उड़न गिलहरी ऐसी ही एक गिलहरी है। उड़न गिलहरी के आगे और पीछे वाले पैरों के बीच में एक झिल्ली होती है। वह इसका उपयोग पैराशूट की तरह करती हैं। इससे वे एक पेड़ से दूसरे पेड़ तक आसानी से जा सकती हैं। आमतौर पर गिलहरियाँ सुपारी खाने के लिए जाती हैं, कुछ गिलहरियाँ खाने का संग्रह भी करती हैं और उसे छुपा कर रखती हैं ताकि बाद में वे उसे खा सकें। उन्हें कई महीनों बाद भी वह जगह याद रहती है जहाँ उन्होंने खाना छुपाया होता है। गिलहरियों को साफ़–सफाई भी पसंद होती है। वे अपने घर के पास कभी भी मल–मूत्र नहीं करती हैं।

उपरोक्त गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प पर घेरा लगाइए–

1. **अपने _______________ के कारण गिलहरियाँ पेड़ों पर आसानी से चढ जाती हैं।**

   क) विशाल शरीर ख) नुकीले पंजों ग) धारीदार शरीर घ) आकार

2. **उड़न गिलहरी की खासियत क्या है?**

   क) इनके पंख होते हैं।

   ख) ये पक्षी की तरह उड़ सकते हैं।

   ग) बस इनका नाम ही उड़न गिलहरी है।

   घ) ये अपने शरीर का इस्तेमाल पैराशूट की तरह करते हैं।

3. **विपरीत शब्दों का जोड़ा चुनिए।**

   क) आस–पास ख) साफ़–सफ़ाई ग) अलग–अलग घ) आगे–पीछे

4. **गिलहरियाँ खाने का संग्रह क्यों करती हैं?**

   क) छिपाने के लिए ख) बाद में खाने के लिए

   ग) पौधे उगाने के लिए घ) अपना शौक पूरा करने के लिए

**5. गिलहरियों की एक आदत जो हमें अपनानी चाहिए–**

क) कुतर–कुतर कर खाना      ख) साफ़–सफ़ाई रखना

ग) पेड़ों पर चढ़ना      घ) सुपारी का संग्रह करना

दो दोस्त थे– मयंक और विशाल। दोनों जब भी मिलते बहुत खुश होते थे और हर काम साथ–साथ करते थे। वैसे तो दोनों के स्वभाव में बहुत अंतर था लेकिन फिर भी दोस्ती गहरी थी। मयंक जितना चतुर और चालाक था, विशाल उतना ही सरल और विनम्र स्वभाव का था। स्कूल में दोनों के बारे में चर्चा होती थी कि दोनों के स्वभाव में इतना अंतर है लेकिन फिर भी इन दोनों में दोस्ती इतनी गहरी कैसे है। मयंक पढ़ाई में भी अक्सर लापरवाही करता था किंतु विशाल अपना हर काम समय पर पूरा करता था। एक दिन दोनों दोस्त स्कूल से घर जा रहे थे। उन्हें रास्ते में रुपयों से भरा एक पर्स मिला। पर्स देखकर मयंक तेजी से आगे बढ़ा और उसने पर्स उठाकर अपनी जेब में रख लिया। वह खुश होकर विशाल से बोला, 'आज तो हम जमकर पार्टी करेंगे।' विशाल ने मयंक से कहा, 'यह ठीक नहीं है। हमें यह पर्स लौटा देना चाहिए। हमें आगे–पीछे देखना चाहिए। शायद कोई इसे ढूँढ रहा हो।' मयंक ने उसकी बात मान ली।

उपरोक्त कहानी को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प पर घेरा लगाइए–

**6. मयंक पढ़ाई में कैसा था?**

क) चतुर    ख) होशियार    ग) लापरवाह    घ) विनम्र

**7. "दोनों के स्वभाव में बहुत अंतर था लेकिन फिर भी दोस्ती गहरी थी"– इस बात से लेखक किस तरफ संकेत कर रहा है?**

क) दोस्ती किसी से भी हो सकती है      ख) दोस्ती एक जैसे लोगों में ही होती है

ग) दोस्ती के लिए अंतर होना ज़रूरी है      घ) दोस्ती गहरी होनी चाहिए

**8. विशाल ने मयंक को आगे–पीछे देखने के लिए क्यों कहा?**

क) पर्स के मालिक का पता लगाने के लिए।

ख) उसका ध्यान भटकाने के लिए

ग) रोड पार करने के लिए


घ) यह जानने के लिए कि किसी ने उन्हें देखा तो नहीं।

**9. ''हमें यह पर्स लौटा देना चाहिए''– इस पंक्ति से विशाल के किस गुण का पता चलता है?**

क) बहादुरी    ख) ईमानदारी    ग) होशियारी    घ) विनम्रता

**10. भिन्न जोड़ा चुनिए–**

| | |
|---|---|
| क) चतुर – चतुराई | ख) लापरवाह – लापरवाही |
| ग) कवि – कविता | घ) विनम्र – विनम्रता |



प्रेमचंद की कहानियाँ

हिंदी पूरक पुस्तक माला

कक्षा – 7

सत्यमेव जयते

सर्व शिक्षा अभियान

सब पढ़ें सब बढ़ें

संकलन

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, दिल्ली

प्रकाशक

दिल्ली पाठ्य पुस्तक ब्यूरो, दिल्ली

ऊपर दिए गए पुस्तक के प्रथम पृष्ठ को पढ़कर एवं देखकर नीचे दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प पर घेरा लगाइए–

**11. इस पुस्तक में बच्चों को क्या पढ़ने का अवसर मिलेगा?**

| | |
|---|---|
| क) कविताएँ | ख) कहानियाँ |
| ग) नाटक | घ) चुटकुले |

**12. सर्व शिक्षा का क्या अर्थ है?**

क) सबकी शिक्षा ख) सबका यान ग) सबका साथ घ) सबका अभिमान

**13. चित्र में दी गई पेंसिल किस चीज़ की सूचक है?**

क) पढ़ने की

ख) झूलने की

ग) वाहन/सवारी की

घ) तराजू की

**14. यह पुस्तक दिल्ली में प्रकाशित हुई है। इस उत्तर के लिए सबसे सही प्रश्न कौन–सा है?**

क) यह पुस्तक कौन प्रकाशित करता है?

ख) यह पुस्तक कब प्रकाशित हुई है?

ग) यह पुस्तक किसने प्रकाशित की है?

घ) यह पुस्तक कहाँ प्रकाशित हुई है?

**15. अभियान से क्या तात्पर्य है?**

क) घमंड

ख) बड़ी संख्या

ग) एक प्रकार का यान

घ) किसी मकसद के लिए बड़े स्तर पर काम करना

कार्यपत्रक–6

# हिंदी

**कक्षा–5**

इंटरनेट ने हमारे जीवन को अत्यंत सरल कर दिया है। टिकट बुक करवाने की बात हो या खरीददारी करने की, अब घंटों का काम कंप्यूटर पर चुटकियों में किया जा सकता है। पहले पत्र पहुँचाने में कई दिन लग जाते थे लेकिन अब ईमेल के जरिए उसी क्षण संदेश पहुँचाया जा सकता है। इससे कागज़ की बचत भी होती है जिससे जीवनदायी पेड़ सुरक्षित रहते हैं। इसी प्रकार व्हाट्सएप, ट्विटर, ब्लॉग और फेसबुक आदि लोगों को हर समय एक–दूसरे से जुड़े रहने का अवसर देते हैं। पाठ्यक्रम संबंधी पुस्तकें हों या समाचार–पत्र, गीत हों या नाटक, इंटरनेट पर इन सभी का असीमित भंडार भरा हुआ है। इतने वरदान होने के साथ–साथ इंटरनेट कुछ अभिशाप भी लेकर आया है। लोग व्हाट्सएप और फेसबुक में इतने तल्लीन हो जाते हैं कि अपने परिवार की ज़रूरतों से उनका ध्यान हट जाता है। बच्चों को इंटरनेट पर उपलब्ध खेलों को खेलने का चस्का लग जाता है जिससे उनका मन पढ़ाई से दूर हो जाता है। कई बार हैकिंग के जरिए पैसे व जानकारी की चोरी भी हो जाती है। परंतु यदि इंटरनेट का उपयोग सतर्कता और बुद्धिमत्ता से किया जाए तो यह अनंत सुविधाओं वाला आधुनिक पिटारा वरदान ही साबित होगा।

उपरोक्त गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प पर घेरा लगाइए–

**1. इंटरनेट के द्वारा टिकट बुक करवाने के लिए __________ का प्रयोग किया जा सकता है।**

क) कंप्यूटर का    ख) ए टी एम मशीन का

ग) प्रिंटर का    घ) टाइपिंग मशीन का

**2. वरदान शब्द का विपरीत शब्द है–**

क) अवरदान    ख) अनवरदान    ग) अभिशाप    घ) अभिमान

**3. पत्र का आधुनिक रूप है–**

क) एस.एम.एस.    ख) टाइपिंग मशीन    ग) ईमेल    घ) कंप्यूटर

**4. काम चुटकियों में हो जाने का अर्थ है–**

क) काम फ़टाफ़ट हो जाना    ख) काम खराब हो जाना

ग) काम न हो पाना    घ) काम चोरी हो जाना

5. **व्हाट्सएप का क्या उपयोग है?**

क) टिकट बुक करवाना  ख) गेम खेलना

ग) संदेश भेजना  घ) गुणा–भाग करना



ऊपर दिए गए चित्र को देखकर नीचे दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प पर घेरा लगाइए–

6. **चित्र में किस घटना को दर्शाया गया है?**

क) आग  ख) बाढ़  ग) सूखा  घ) भूकंप

**7. चित्र में दर्शाए गए घर की छत __________ है।**

क) गोल व सपाट

ख) गोल व ढलावदार

ग) चौकोर व ढलावदार

घ) चौकोर व सपाट

**8. आग बुझाने में सहायता के लिए किसे सूचित किया जाता है?**

क) जल सेवा केंद्र

ख) चिकित्सा केंद्र

ग) दमकल केंद्र

घ) ग्राहक सेवा केंद्र

**9. आग लगने की स्थिति में सहायता के लिए किस फोन नंबर पर सूचित किया जाता है?**

क) 101 ख) 102 ग) 105 घ) 199

**10. चित्र में दर्शाए गए लोगों में किस प्रकार का भाव प्रदर्शित हो रहा है?**

क) खुशी ख) उत्साह ग) आश्चर्य घ) शांत

साफ़ सफाई की आदत को, हम बच्चे अपनाएँगे
अपने घर को, अपनी गली को, मिलकर स्वच्छ बनाएँगे।
इंतज़ार भला क्यों करना भाई, आए कोई जो करे सफ़ाई
अपने हाथों अपना रास्ता, खुद ही स्वच्छ बनाएँगे।
न केवल ये घर और आँगन, दुनिया को स्वर्ग बनाएँगे
आस–पड़ोस को स्वच्छ बनाकर, देश को स्वस्थ बनाएँगे।
आओ ले लें प्रण हम मिलकर, कूड़े के ढेर हटाएँगे
कूड़ेदान को अपनाकर के, सफ़ाई में हाथ बटाएँगे।
न केवल बस साफ़ करेंगे, धरा को आज सजाएँगे
देकर हरियाली हम इसको, जीवन खुशहाल बनाएँगे।

उपरोक्त कविता को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प पर घेरा लगाइए–

**11. कवि क्या चाहता है?**

क) स्वच्छता    ख) पढ़ाई    ग) पैसा    घ) ईनाम

**12. कवि सफ़ाई करने के लिए किसी का इंतज़ार क्यों नही करना चाहता?**

क) उसे इंतज़ार करना अच्छा नहीं लगता

ख) वह अपना काम स्वयं करना चाहता है

ग) उसे स्कूल जाने में देर हो रही है

घ) वह किसी के काम से खुश नहीं है

**13. कूड़ेदान को अपनाने का क्या अर्थ है?**

क) कूड़ादान खरीदकर लाना    ख) कूड़ेदान को अपने पास रखना

ग) कूड़ेदान पर अपना नाम लिखना    घ) कूड़ेदान का प्रयोग करना

**14. प्रण लेने का क्या अभिप्राय है—**

क) प्रतिज्ञा लेना    ख) सामान लेना    ग) कण लेना    घ) कूड़ादान लेना

**15. कवि किसका प्रयोग करके धरा को सजाना चाहता है?**

क) सितारों    ख) पेड़—पौधों    ग) बंधनवार    घ) रंगोली

कार्यपत्रक–7

# हिंदी

**कक्षा-5**

क्या यह संभव है कि भला कोई जंगल में घंटा भर घूमे और फिर भी कोई विशेष चीज़ न देखे? मुझे जिसे कुछ भी दिखाई नहीं देता सैकड़ों रोचक चीज़ें मिलती हैं, जिन्हें मैं छूकर पहचान लेती हूँ। मैं भोज–पत्र के पेड़ की चिकनी छाल और चीड़ की खुरदरी छाल को स्पर्श से पहचान लेती हूँ। वसंत के दौरान मैं टहनियों में नई कलियाँ खोजती हूँ। मुझे फूलों की पंखुड़ियों की मखमली सतह छूने और उनकी घुमावदार बनावट महसूस करने में अपार आनंद मिलता है। इस दौरान मुझे प्रकृति के जादू का कुछ अहसास होता है। कभी, जब मैं खुशनसीब होती हूँ, तो टहनी पर हाथ रखते ही किसी चिड़िया के मधुर स्वर कानों में गूंजने लगते हैं। अपनी अँगुलियों के बीच झरने के पानी को बहते हुए महसूस कर मैं आनंदित हो उठती हूँ।

उपरोक्त गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प पर घेरा लगाइए–

1. **लेखिका चीज़ों को कैसे पहचान लेती है–**

   क) देखकर  ख) छूकर  ग) सूंघकर  घ) चखकर

2. **लेखिका प्रकृति की सुंदरता को छूकर महसूस करती थी, क्योंकि वह–**

   क) बोल नहीं पाती  ख) सुन नहीं पाती

   ग) देख नहीं पाती  घ) चल नहीं पाती

3. **लेखिका को किसके मधुर स्वर सुनाई देते हैं–**

   क) चिड़िया  ख) तोता  ग) भंवरा  घ) तितली

4. **लेखिका स्वयं को खुशनसीब समझती है**

   क) पेड़ों की छाल को छूकर  ख) फूलों की पंखुड़ियों को छूकर

   ग) चिड़िया के मधुर स्वर को सुनकर  घ) बहते हुए पानी को महसूस कर के

5. **आप किस चीज़ को छूकर महसूस कर सकते हैं–**

   क) पक्षियों की आवाज़  ख) रुई की नरमी

   ग) नदी का रंग  घ) चाय का स्वाद

**क. ख. ग. विद्यालय**

**आराम नगर, दिल्ली** 25 जनवरी, 2020

**सूचना**

**कान की बाली खोई है।**

विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि कल 24 जनवरी को आधी छुट्टी के समय खेल के मैदान में खेलते हुए मेरी चाँदी की एक बाली कान से निकल कर कहीं गिर गई है। वह गोल आकार की पतली सी बाली है। जिस किसी विद्यार्थी को वह बाली मिली हो वह मुझे वापस देने का कष्ट करे। इसके लिए मैं उसकी आभारी रहूँगी।

सीमा

पाँचवी 'अ'

अनुक्रमांक–9

उपरोक्त सूचना को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प पर घेरा लगाइए–

**6. यह सूचना किसके बारे में है?**

क) बाली ख) खेल के मैदान

ग) प्रतियोगिता घ) आभार

**7. सामान कहाँ खोया था ?**

क) कक्षा में ख) मैदान में ग) बाज़ार में घ) लाइब्रेरी में

**8. इस सूचना–पत्र को कहाँ लगाया गया होगा?**

क) विद्यालय में ख) कॉलेज में ग) बाज़ार में घ) पार्क में

**9. इस सूचना–पत्र का उद्देश्य क्या है?**

क) बच्चों की ईमानदारी की जाँच करना

ख) बच्चों को सूचना के बारे में बताना

ग) अपने खोए हुए सामान को ढूँढ़ना

घ) अपनी बाली के बारे में बच्चों को बताना

**10. सूचना–पट्ट पर सूचना लगाने से क्या लाभ होगा?**

क) सामान वापस मिलने की संभावना बढ़ जाएगी

ख) सूचना बोर्ड को सजाया जा सकेगा

ग) सूचना पढ़ना सिखाया जा सकेगा

घ) नया सामान खरीदने में आसानी होगी

> किसी शहर में रहते थे, एक घर में भाई चार,
> मगर नहीं था उन सब में, थोड़ा–सा भी प्यार।
>
> एक दिवस उनके पापा ने, उन सबको बुलाया,
> लकड़ी का एक छोटा गट्ठा, उनको था पकड़ाया।
>
> बोले पापा एक–एक करके, जोर ज़रा लगाओ,
> हो सके तो इस नन्हे गट्ठे को, तोड़ कर तुम दिखलाओ।
>
> सबने अपनी–अपनी बारी, जोर बड़ा लगाया,
> लेकिन उस नन्हें गट्ठर को, कोई तोड़ न पाया।
>
> गट्ठर खुलते ही लकड़ी को, सबने तोड़ दिखाया,
> अब पापा ने पास बुलाकर, प्रेम से ये समझाया।
>
> जैसे मिलकर पतली लकड़ी, बन जाती है ताकतवर,
> वैस ही तुम मिल के चलो तो, आँच न आएगी तुम पर।
>
> समझ गए सारे ही भाई, पापा को बतलाया,
> अब से हम सब मिल के रहेंगे, अच्छा पाठ पढ़ाया।

उपरोक्त कविता को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प पर घेरा लगाइए–

**11. कविता में कितने भाइयों की बात की गई है?**

क) एक  ख) दो  ग) तीन  घ) चार

**12. पापा ने भाइयों को क्यों बुलाया था ?**

| | | | |
|---|---|---|---|
| क) | लकड़ी तुड़वाने के लिए | ख) | सीख देने के लिए |
| ग) | गुस्सा करने के लिए | घ) | गट्ठा खुलवाने के लिए |

**13. पापा चाहते थे कि बच्चे –**

| | | | |
|---|---|---|---|
| क) | मिल–जुलकर रहें | ख) | लकड़ी तोड़ना सीख जाएँ |
| ग) | गट्ठा खोलना सीख जाएँ | घ) | उनके पास बैठें |

**14. लकड़ियों का गट्ठा तोड़ने में सभी भाई असफल क्यों हुए?**

क) वे पिता का कहना नहीं मानना चाहते थे

ख) वे सभी बहुत आलसी थे

ग) उन्हें चोट लगने का डर था

घ) बहुत सारी लकड़ियाँ एक साथ बंधी थीं

**15. पापा ने बच्चों को क्या सिखा दिया?**

| | | | |
|---|---|---|---|
| क) | मिलकर रहना | ख) | खेलना |
| ग) | पढ़ना | घ) | लकड़ी तोड़ना |

# हिंदी

कार्यपत्रक–8

**कक्षा-5**

गर्मी की छुट्टियों का अंतिम दिन है। नीरजा अपनी नानी के गाँव से अपने घर लौट रही है। उसके पिताजी उसे लेने आये हैं। वह अपने घर जाने के लिए तैयार हो रही है। तभी नानी ने उसे एक टोकरी में कुछ रखकर अपने साथ ले जाने को कहा। परन्तु वह यह जानने के लिए उत्सुक है कि नानी ने उस टोकरी में क्या रखा है ?

नीरजाः अरे वाह ! टोकरी में क्या है नानी जी? मैं अनुमान लगाती हूँ, आप बस इतना बताइये कि इसमें फल है या मिठाई?

नानीः फल।

नीरजाः तब तो इसमें पक्का सेब होंगे?

नानीः नहीं, थोड़ा और सोचो।

नीरजाः अच्छा, सोचती हूँ। परन्तु यह बताइये यह फ़ल छोटे पौधे पर लगता है या पेड़ पर ?

नानीः पेड़ पर और यह खट्टा भी होता है।

नीरजाः तब तो यह नारंगी है।

नानीः नहीं बिटिया, यह नारंगी भी नहीं है।

इस तरह नीरजा ने नानी से फल के रंग और उसकी आकृति के बारे में भी पूछा तो नानी ने बताया कि यह पीला है और इसकी आकृति गोल है। नीरजा ने सोचा कि यह तो अमरुद है। नानी के इंकार करने पर उसने कहा–नानी, बस एक बात बताओ कि यह किस काम आता है ?

नानीः यह अचार और शरबत बनाने के काम आता है?

नीरजाः नानी! अब मैं जान गई कि यह आम है।

नानीः हाँ, बिटिया ठीक बताया।

उपरोक्त गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प पर घेरा लगाइए–

**1. नीरजा कहाँ गई हुई थी?**

क) नानी के घर

ख) दादी के घर

ग) मौसी के घर

घ) भाई के घर

**2. नीरजा घर क्यों लौट रही है?**

क) उसकी माता जी ने कहा था
ख) उसके विद्यालय खुलने वाले थे
ग) उसके पिताजी उसे लेने आए थे
घ) उसे अपने घर की याद आ रही थी

**3. नीरजा ने फल की किन–किन विशेषताओं के बारे में नानी से पूछा ?**

क) रंग और आकृति
ख) स्वाद
ग) उसके फूल के बारे में
घ) उसके बीज एवं उसकी त्वचा के बारे में

**4. निम्बू के आलावा निम्नलिखित में से एक ऐसा फल बताइए जो अचार और शरबत बनाने के काम आता है**

क) सेब ख) आम ग) चीकू घ) अंगूर

**5. अचार बनाने के लिए किस चीज़ को परिरक्षक (प्रेज़रवेटिव) की तरह इस्तेमाल किया जाता है?**

क) पानी ख) नमक ग) मिर्च घ) गरम मसाला

**अ. ब. स. विद्यालय,**
**आराम नगर, दिल्ली**

**सूचना**

20 जनवरी, 2020

**पुस्तक मेले का आयोजन**

सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि विद्यालय प्रांगण में एक पुस्तक मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले का उद्देश्य विद्यार्थियों को सस्ती दर पर पुस्तकें उपलब्ध करवाना तो है ही, साथ ही उनमें पुस्तक पठन के प्रति रूचि उत्पन्न करना भी है। समय और अन्य विवरण इस प्रकार हैं–

**दिनांक** 28 जनवरी, 2021

**समय** प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक

**स्थान** विद्यालय प्रांगण

**मुख्य आकर्षण** मूल्य पर 25 प्रतिशत की छूट
(100 रुपए की किताब लेने पर 25 रुपए की छूट)

प्रधानाचार्य

उपरोक्त सूचना को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प पर घेरा लगाइए–

6. **यह सूचना _____________ के बारे में है?**

क) विज्ञान मेला    ख) पुस्तक मेला    ग) बाल मेला    घ) व्यापार मेला

7. **प्रांगण शब्द का अर्थ है –**

क) आँगन    ख) मंच    ग) पुस्तकालय    घ) हॉल

8. **पुस्तक मेले का उद्देश्य क्या है–**

क) पठन के प्रति रूचि पैदा करना    ख) लेखन के प्रति रूचि पैदा करना

ग) खरीददारी के प्रति रूचि पैदा करना    घ) छूट की गणना करना सिखाना

9. **यह सूचना–पत्र कहाँ लगाया गया होगा?**

क) विद्यालय में    ख) कॉलेज में

ग) बाज़ार में    घ) खेल के मैदान में

10. **यदि कोई विद्यार्थी 500 रूपये मूल्य की पुस्तक खरीदता है तो उसे कुल कितने रूपये देने पड़ेगें?**

क) 400    ख) 350    ग) 375    घ) 425

## वार्तालाप

तरुणः नमस्ते शोभा, हम बहुत समय बाद मिले।

शोभाः तरुण, नमस्ते।

तरुणः शोभा तुम किस कक्षा में पढ़ती हो?

शोभाः मैं कक्षा छह में पढ़ती हूँ। पर तुम्हारा विद्यालय कहाँ है?

शोभाः प्रधान डाकघर के पास है और, तुम कहाँ पढ़ते हो?

तरुणः मैं आजकल चेन्नई में पढ़ता हूँ। वहाँ मेरे मामा जी रहते हैं। अच्छा शोभा, तुम्हारे विद्यालय में हिंदी कौन पढ़ाता है?

शोभाः वरदा जी, वे बहुत अच्छा पढ़ाती हैं, हमें रोचक कहानियाँ सुनाती हैं, हिंदी के गीत भी सिखाती हैं।

तरुणः अरे, वह तो मेरी मौसी की सहेली हैं। मैं मौसी के साथ कभी–कभी उनके घर जाता हूँ। वे बहुत अच्छी–अच्छी बातें करती हैं।

शोभाः तुम ठीक कहते हो। अच्छा तरुण! आजकल शाम को तुम क्या करते हो?

तरुणः मैं शाम को एक घंटे खेलता हूँ। मेरे घर के पास एक अच्छा मैदान है। हम लोग फुटबॉल खेलते हैं। कभी–कभी क्रिकेट भी खेलते हैं। शोभा, तुम कौन–सा खेल खेलती हो?

शोभाः मैं खो–खो खेलती हूँ। मैं कभी–कभी भाई बहनों के साथ अन्त्याक्षरी भी खेलती हूँ।

तरुणः अंत्याक्षरी बुद्धि का खेल है।

शोभाः हाँ, तरुण इससे याद करने की क्षमता बढ़ती है। मस्तिष्क का व्यायाम भी आवश्यक है।

तरुणः मैं यह मानता हूँ। अब मैं खेल के साथ–साथ अन्त्याक्षरी भी खेलूँगा।

उपरोक्त वार्तालाप को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प पर घेरा लगाइए–

**11. तरुण को किसकी बातें अच्छी लगती हैं?**

क) मौसी की　　ख) शोभा की

ग) वरदा जी की　　घ) मामा जी की

**12. प्रधान डाकघर के पास क्या है?**

क) शोभा का विद्यालय　　ख) तरुण का विद्यालय

ग) शोभा का घर　　घ) तरुण का घर

**13. शोभा बुद्धि का कौन–सा खेल खेलती है?**

| | |
|---|---|
| क) अन्त्याक्षरी | ख) कैरम बोर्ड |
| ग) शतरंज | घ) लूडो |

**14. मस्तिष्क का व्यायाम क्यों आवश्यक है?**

| | |
|---|---|
| क) मस्तिष्क को आराम देने के लिए | ख) मस्तिष्क को खेल खिलाने के लिए |
| ग) मस्तिष्क की क्षमता बढ़ाने के लिए | घ) मस्तिष्क को थकाने के लिए |

**15. मैदान में खेले जाने वाला खेल है–**

| | |
|---|---|
| क) लूडो | ख) अन्त्याक्षरी |
| ग) शतरंज | घ) फुटबॉल |

कार्यपत्रक–9

# हिंदी

**कक्षा–5**

भारत की पश्चिमी सीमा की ओर बसा हुआ शहर है– जैसलमेर। यह भारत की पश्चिमी सीमा का सजग प्रहरी माना जाता है। इसे स्वर्णनगरी के नाम से भी जाना जाता है। यह माना जाता है कि स्वर्णनगरी विश्व के किसी भी शहर से मेल नहीं खाती। हम लोग विद्यालय की ओर से जैसलमेर घूमने गए। सुबह हम जैसलमेर के करीब पहुँचे तो हमें बहुत ही सुन्दर दृश्य देखने को मिला। सूरज की किरणों से जैसलमेर के दुर्ग के पत्थरों के कण चमक रहे थे। हम होटल पहुँचकर तैयार हो कर घूमने चले गए। सबसे पहले त्रिकूट पहाड़ी पर बने किले को देखना तय हुआ। महारावल राव जैसल ने इसका निर्माण करवाया था। इनके पत्थरों पर कलात्मक खुदाई की गई है। दुर्ग के चारों ओर निन्यानवे बुर्ज हैं। ये बुर्ज दुर्ग को मजबूती प्रदान करते हैं। इसके झरोखों पर की गई नक्काशी का सौंदर्य देख कर हम हैरान रह गए। दूसरे दिन हम बादल विलास और जवाहर विलास देखकर सम पहुँचे। सम की मखमली रेत पर हम सब खूब नाचे गाए। वहाँ ऊँट की सवारी ने हमें बहुत रोमांचित किया। सूर्यास्त की लालिमा देख कर हमारा मन प्रफुल्लित हो गया। आज भी हम इस यात्रा को याद करते हैं तो रोमांचित हो जाते हैं।

उपरोक्त गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प पर घेरा लगाइए–

1. **निम्नलिखित शब्दों में से किस शब्द का अर्थ है 'सोने का शहर'–**

   क) पाषाण  ख) स्वर्णनगरी  ग) दुर्ग  घ) नक्काशी

2. **जैसलमर भारत के किस राज्य में स्थित है?**

   क) राजस्थान  ख) उड़ीसा  ग) बिहार  घ) पश्चिम बंगाल

3. **किले का समान अर्थ देने वाला शब्द है–**

   क) दुर्ग  ख) पाषाण  ग) झरोखे  घ) बुर्ज

4. **इस शहर को स्वर्ण नगरी कहा गया है क्योंकि–**

   क) यहाँ पर बहुत सारे महल हैं।

   ख) यहाँ बहुत सारे राजा रहते हैं।


ग) यहाँ बहुत सारा सोना है।

घ) यहाँ के पत्थर सूरज की किरणों से सोने की तरह चमक उठते हैं।

**5. निम्नलिखित शब्दों में से विशेषता बताने वाला शब्द है?**

क) कण   ख) पत्थर   ग) सुन्दर   घ) दृश्य

दिए गए बार ग्राफ में कक्षा 5 के एक सप्ताह में अनुपस्थित छात्रों को दर्शाया गया है। दिए गए बार ग्राफ को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए




**6. सप्ताह के किन दो दिनों में बराबर संख्या में बच्चे अनुपस्थित थे?**

क) मंगलवार तथा शुक्रवार   ख) सोमवार तथा बुधवार

ग) सोमवार तथा शनिवार   घ) बुधवार तथा शनिवार

**7. सप्ताह में किस दिन सबसे अधिक संख्या में बच्चे अनुपस्थित थे?**

क) शुक्रवार   ख) वीरवार   ग) मंगलवार   घ) सोमवार

**8. 'अनुपस्थित' का विलोम शब्द है–**

क) अनुमानित   ख) उपस्थित   ग) उपयोगी   घ) प्रस्तुत

**9. विद्यालय में अनुपस्थिति के लिए प्रार्थना पत्र किसके नाम लिखा जाता है ?**

क) प्रधानाचार्य   ख) शिक्षक   ग) सम्पादक   घ) डॉक्टर

**10. नीचे दिए गए वाक्य के लिए सही प्रश्न पर घेरा लगाइए।**

**वाक्य : वीरवार को कक्षा 5 के 400 छात्रों में से केवल 300 छात्र ही विद्यालय में आये थे।**

क) सोमवार को कक्षा 5 के कितने छात्र विद्यालय आये थे?

ख) सोमवार को कक्षा 5 के कितने छात्र उपस्थित थे?

ग) वीरवार को कितने छात्र अनुपस्थित थे।

घ) वीरवार को कक्षा 5 के कितने छात्र विद्यालय में उपस्थित थे?

मन करता है पेड़ बनकर,
सबको शीतल छाया मैं दूँ।
मन करता है बादल बनकर,
सबको साफ़ जल मैं दूँ।
मन करता है नदिया बनकर,
कल–कल करती बहती जाऊं।
मन करता है मुस्कान बनकर,
सबके चेहरों को चमकाऊँ।
मन करता है सत्कर्मों से,
इस धरती को स्वर्ग बनाऊँ।

उपरोक्त कविता को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प पर घेरा लगाइए–

**11. कवि पेड़ बन कर क्या देना चाहता है ?**

क) छाया ख) फल ग) फूल घ) जल

**12. निम्नलिखित शब्दों में कल–कल जैसा शब्द है –**

क) चल–चल ख) हलचल ग) मिलजुल घ) आजकल

**13. निम्नलिखित शब्दों में से 'उदासी' के विपरीत अर्थ देने वाला शब्द है–**

क) हँसी ख) मुस्कान ग) ठहाका घ) मुस्कुराहट

**14. कविता के अनुसार धरती स्वर्ग कैसे बन सकती है ?**

क) दूसरों की हाँ में हाँ मिलाने से ख) सबका काम कर देने से

ग) अच्छे काम करने से घ) पेड़ लगाने से

**15. वृक्षों की कटाई से ____________ की संभावना कम हो जाती है।**

क) भूस्खलन ख) ग्लोबल वार्मिंग ग) वर्षा घ) सूखे

# हिंदी

कार्यपत्रक–10

**कक्षा-5**

हमारे आस–पास कई प्रकार के जीव–जंतु पाए जाते हैं। ये अलग–अलग तरीकों से पता लगाते हैं कि भोजन कहाँ है और फिर अपने भोजन तक पहुँच जाते हैं। एक दिन मुनिया और राजू अपने दोस्तों के साथ अँधेरे में लुक्का–छिप्पी खेल रहे थे उनके एक साथी का 2 रुपये का सिक्का गिर गया। सभी साथी मिलकर उसे ढूंढने लगे, लेकिन अँधेरा अधिक होने के कारण कुछ दिखाई नहीं दे रहा था। अचानक एक चमगादड़ को तेज़ी से उड़ता देख कर राजू बोला, 'देखो चमगादड़ तो आराम से अँधेरे में उड़ रहा है और हम अपने सिक्के को अँधेरे मैं नहीं देख पा रहे हैं। मुनिया ने बताया की मैंने कल पुस्तकालय में किताब में पढ़ा था कि चमगादड़ रात में उड़ते समय उच्च तारत्व (स्वर) वाली आवाज़ निकलता है जो सामने किसी वस्तु से टकराकर वापिस आती है। इस प्रतिध्वनि को सुन कर वह अँधेरे में भी आसानी से उड़ सकता है। राजू ने कहा की सभी जानवरों का भोजन खोजने का अपना–अपना तरीका होता है। उसका कुत्ता सूंघ कर भोजन या किसी अजनबी का पता लगा लेता है। उनकी सूंघने की शक्ति बहुत तेज़ होती है। भोलू ने कहा कि चींटियां चलते समय एक पदार्थ छोड़ती हैं, जिससे पीछे–पीछे आने वाली चींटियां रास्ता पहचान पाती हैं। इसी प्रकार सभी जीव–जंतुओं की अपनी–अपनी विषेशताएँ होती हैं।

उपरोक्त गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प पर घेरा लगाइए–

1. **दी गयी पंक्तियों में बच्चे कौन–सा स्थानीय खेल खेल रहे थे?**

   क) कब्बड्डी    ख) गुल्ली–डंडा    ग) कुश्ती    घ) लुक्का–छिप्पी

2. **दिए गए अनुछेद में 'उच्च' शब्द का क्या अर्थ है?**

   क) ऊपर    ख) ऊँचा    ग) नीचे    घ) अंदर

3. **पुलिस और सेना में कुत्तों को क्यों पाला जाता है?**

   क) यह एक अच्छा दोस्त है

   ख) यह अपनी सूंघने की शक्ति से अपराधियों को पकड़ने में मदद करता है

   ग) इसे पुलिस के साथ रहना अच्छा लगता है

   घ) यह बहुत प्यारा लगता है

4. **चींटियाँ एक कतार में कैसे चल लेती हैं?**

क) वे हर रोज इसका अभ्यास करती हैं

ख) वे एक दूसरे की नकल करती हैं

ग) वे अपने पीछे एक ऐसा पदार्थ छोड़ती चलती हैं

घ) वे अपने आगे वाली चींटी को देख कर चलती हैं

5. **चींटियों से हमें क्या सीखना चाहिए?**

क) मिलजुल कर एक टीम की तरह काम करना

ख) बिना देखे चलते रहना

ग) हमेशा जागते रहना

घ) कुछ भी न देखना




उपरोक्त समय सारिणी को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प पर घेरा लगाइए–

6. **इस समय सारिणी से क्या पता चलता है?**

क) अध्यापिका का नाम

ख) विभिन्न विषयों को पढाने का समय

ग) विद्यार्थियों के नाम

घ) विद्यालय के कमरों के बारे में

**7. विज्ञान किस–किस दिन पढ़ाया जाता हैं ?**

क) सोमवार और मंगलवार

ख) बुधवार और शुक्रवार

ग) सोमवार और शनिवार

घ) बुधवार और गुरुवार

**8. किए गए पाठों की पुनरावृत्ति सप्ताह में कितने दिन करवाई जाएगी?**

क) एक दिन ख) दो दिन ग) तीन दिन घ) चार दिन

**9. समय सारिणी क्यों बनाई जाती है?**

क) काम निपटाने के लिए

ख) समय से कार्य करने के लिए

ग) कागज पर कुछ लिखने के लिए

घ) समय का हिसाब रखने के लिए

**10. ई–पाठशाला का क्या अर्थ है?**

क) अभिभावकों को दी जाने वाली शिक्षा

ख) विद्यालय में दी जाने वाली शिक्षा

ग) ऑनलाइन माध्यम द्वारा दी जाने वाली शिक्षा

घ) बिना शिक्षक के दी जाने वाली शिक्षा

दिए गए विज्ञापन को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प पर घेरा लगाइए–




**11. यह विज्ञापन किसके बारे में है?**

क) प्रदूषण संरक्षण

ख) पुस्तक मेला

ग) खिलौना मेला

घ) स्वच्छता मिशन

**12. चित्रकारी प्रतियोगिता कौन–सी कक्षा के विद्यार्थियों के लिए है?**

क) पहली से पाँचवी

ख) छ्ठी से आठवीं

ग) नौवीं और दसवीं

घ) ग्यारहवीं तथा बाहरवीं

**13. इस विज्ञापन में साफ़ का पर्यायवाची शब्द है –**

क) शुद्ध

ख) स्वच्छ

ग) उज्जवल

घ) स्पष्ट

**14. ''स्वच्छ भारत अभियान'' का स्लोगन/नारा है–**

क) आओ मिलजुल कर सफाई करें

ख) हाथ बढ़ाओ सफाई करो

ग) एक कदम स्वच्छता की ओर

घ) चलो चलें स्वच्छता की ओर

**15. हम अपने देश को स्वच्छ कैसे रख सकते हैं ?**

क) पेड़–पौधों की कटाई करके

ख) अपने घर के अंदर कचरा न फेंकने से

ग) सफाई करने की जिम्मेदारी दूसरों पर डाल देने से

घ) स्वयं गंदगी न करने का संकल्प लेकर

# हिंदी

**कक्षा-5**

## उत्तरकुंजी

### कार्यपत्रक—1

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **1.** | ग | **2.** | क | **3.** | ग | **4.** | क | **5.** | क | **6.** | ख | **7.** | क | **8.** | ख | **9.** | घ | **10.** | ग |
| **11.** | घ | **12.** | ख | **13.** | ग | **14.** | ख | **15.** | ख | | | | | | | | | | |

### कार्यपत्रक—2

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **1.** | ख | **2.** | ख | **3.** | घ | **4.** | क | **5.** | ग | **6.** | ग | **7.** | घ | **8.** | ग | **9.** | क | **10.** | ख |
| **11.** | क | **12.** | घ | **13.** | ख | **14.** | ख | **15.** | क | | | | | | | | | | |

### कार्यपत्रक—3

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **1.** | ग | **2.** | ग | **3.** | क | **4.** | ख | **5.** | ग | **6.** | ग | **7.** | ग | **8.** | ख | **9.** | ग | **10.** | ग |
| **11.** | घ | **12.** | ख | **13.** | ग | **14.** | ग | **15.** | ख | | | | | | | | | | |

### कार्यपत्रक—4

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **1.** | ग | **2.** | ख | **3.** | क | **4.** | ग | **5.** | घ | **6.** | ग | **7.** | ग | **8.** | ग | **9.** | ख | **10.** | ख |
| **11.** | ग | **12.** | क | **13.** | ख | **14.** | ग | **15.** | घ | | | | | | | | | | |

### कार्यपत्रक—5

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **1.** | ख | **2.** | घ | **3.** | घ | **4.** | ख | **5.** | ख | **6.** | ग | **7.** | क | **8.** | क | **9.** | ख | **10.** | ग |
| **11.** | ख | **12.** | क | **13.** | क | **14.** | घ | **15.** | घ | | | | | | | | | | |

## कार्यपत्रक–6

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **1.** | क | **2.** | ग | **3.** | ग | **4.** | क | **5.** | ग | **6.** | क | **7.** | ख | **8.** | ग | **9.** | क | **10.** | ग |
| **11.** | क | **12.** | ख | **13.** | घ | **14.** | क | **15.** | ख | | | | | | | | | | |

## कार्यपत्रक–7

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **1.** | ख | **2.** | ग | **3.** | क | **4.** | ग | **5.** | ख | **6.** | क | **7.** | ख | **8.** | क | **9.** | ग | **10.** | क |
| **11.** | घ | **12.** | ख | **13.** | क | **14.** | घ | **15.** | क | | | | | | | | | | |

## कार्यपत्रक–8

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **1.** | क | **2.** | ख | **3.** | क | **4.** | ख | **5.** | ख | **6.** | ख | **7.** | क | **8.** | क | **9.** | क | **10.** | ग |
| **11.** | ग | **12.** | क | **13.** | क | **14.** | ग | **15.** | घ | | | | | | | | | | |

## कार्यपत्रक–9

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **1.** | ख | **2.** | क | **3.** | क | **4.** | घ | **5.** | ग | **6.** | ख | **7.** | ग | **8.** | ख | **9.** | क | **10.** | घ |
| **11.** | क | **12.** | क | **13.** | ख | **14.** | ग | **15.** | ग | | | | | | | | | | |

## कार्यपत्रक–10

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **1.** | घ | **2.** | ख | **3.** | ख | **4.** | ग | **5.** | क | **6.** | ख | **7.** | ख | **8.** | ग | **9.** | ख | **10.** | ग |
| **11.** | घ | **12.** | क | **13.** | ख | **14.** | ग | **15.** | घ | | | | | | | | | | |